**Regarding the need to establish University Sidhi Parliamentary Constituency**

**डॉ. राजेश मिश्रा (सीधी) :** सभापति महोदय, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का मौका दिया, आपका धन्यवाद । मेरे संसदीय क्षेत्र में तीन जिले सीधी, सिंगरौली और शहडोल का ब्यौहारी है । वहां विश्वविद्यालय नहीं है और वहां के छात्र-छात्राओं को लगभग डेढ़-दौ सौ किलोमीटर चलकर विश्वविद्यालय के लिए जाना पड़ता है, जिससे उन्हें बहुत परेशानी होती है । विशेष तौर से छात्राओं को बहुत दिक्कत होती है, उन्हें वहां जाने के बाद अगर रुकना पड़ गया तो उनका बहुत ज्यादा खर्च भी होता है ।

मेरा आपके माध्यम से माननीय शिक्षा मंत्री जी से निवेदन है कि मेरे लोक सभा क्षेत्र सीधी, सिंगरौली मुख्यालय में एक विश्वविद्यालय की स्थापना की जाए । इससे हमारे छात्रों का बहुत ज्यादा फायदा होगा । धन्यवाद ।